राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान

माध्यमिक पाठ्यक्रम : हिंदी

पाठ-4:आह्वान

कार्यपत्रक-4

1. 'आह्वान' कविता में देश के विकास के लिए जो उपाय सुझाए गए हैं, उनके अलावा किन्हीं दो उपायों का उल्लेख कीजिए।

2. किसी देश में रहने वाले अनेक धर्मों, जातियों एवं संप्रदायों के लोग कब पिछड़ेपन के कारण बन सकते हैं? दो उदाहरण देकर लिखिए।

3. 'आह्वान' कवितामें दिये गए संदेश किस प्रकार आज भी हमारा मार्गदर्शन करने में अत्यंत प्रासंगिक हैं? स्पष्ट कीजिये।

4. 'आह्वान' कविता में किसी भी देश की अवनति के लिए कौन.कौन से कारण माने गए हैं? किन्हीं चार का उल्लेख कीजिए।

5. 'आह्वान' कविता में विविध सुमनों की एक माला की चर्चा राष्ट्रीय एकता के संदर्भ में की गई है। आपके विचार से किसी देश के विकास के लिए राष्ट्रीय एकता का कितना महत्व है-स्पष्ट कीजिए।

6. 'आह्वान' कवितापढ़ने के बाद आप देश की वर्तमान अवस्था में अपने साथियों का आह्वान किस रूप में करेंगे-लिखिए।

7. 'आह्वान' कविता में पौरुष का पाठ पढ़ने के लिए कहा गया है। अपने अथवा अपने किसी परिचित के जीवन के किसी संदर्भ का उल्लेख कीजिए जो पौरुष की प्रेरणा देता हो।

8. आह्वान' कविता में सामने के कौर के भी स्वयं मुख में न जाने का उल्लेख है। इस संदेशको अपने किसी अनुभवसे पुष्ट कीजिए।

9. 'आप अपनी किसी असफलता को भाग्य का खोट मानते हैं या प्रयास की कमी? तर्क सहित स्पष्ट कीजिए।

10. 'अनेकता में एकता- हिन्द की विशेषता' विषय पर निबंध लिखें।